सं. आरयू/1/2022-सांख्यिकी ब्यूरो [97944]
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
***

भू तल, जीवन तारा बिल्डिंग
संसद मार्ग, नई दिल्ली-01
दिनांक:19.05.2023

विज्ञापन

महिला छात्रों/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/शिक्षकों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम

दो महीने (03.07.2023 से 31.08.2023 तक) की अवधि के इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए भारत के गैर-टियर I शहरों और ग्रामीण हिस्सों से महिला छात्रों/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इंटर्नशिप कार्यक्रम के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी विश्वविद्यालय/अकादमिक/गैर-शैक्षणिक संस्थान में नामांकित/संबद्ध होना आवश्यक है।

2. इस कार्यक्रम का आशय महिला छात्रों/स्कॉलर्स/सामाजिक कार्यकर्ताओं/शिक्षकों (जिन्हें इसके बाद 'इंटर्न' कहा गया है) को अल्पकालिक सहयोग देकर मंत्रालय की नीतियों और कार्यक्रमों से परिचित कराने में मदद करना है। मंत्रालय की जारी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंटर्न को पायलट प्रोजेक्ट /सूक्ष्म अध्ययन करना आवश्यक हो सकता है। मंत्रालय इस गतिविधि से इंटर्नों को अपने अधिदेश, विशिष्ट कार्यक्रमों और नीति विश्लेषण के बारे में गुणात्मक जानकारी देने का प्रयास करता है ताकि उन्हें भविष्य में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को विभिन्न मंचों पर उठाने के लिए सक्रिय बनाया जा सके।

3. 21-40 वर्ष की आयु समूह के अभ्यर्थी अपना आवेदन गूगल फॉर्म (https://docs.google.com/forms/u/1/d/1UWK5W_07pRxL8yekBy6DbjAg2-25Vd_WJwfnc4nReTU/edit?usp=forms_home&ths=true**)** के जरिए भेज सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे विधिवत भरे हुए स्वयं-सत्यापित फॉर्म *(नीचे संलग्न)* की स्कैन की गई प्रतिलिपि गूगल फॉर्म के संबंधित क्षेत्र में अपलोड करें। फॉर्म 20.05.2023, 00:00 बजे से प्रतिक्रियाएं स्वीकार करना शुरू कर देगा और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29.05.2023, 23:59 बजे है।

4. इंटर्न का चयन इस प्रयोजन के लिए विधिवत गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाएगा। अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची मंत्रालय की वेबसाइट 'व्हाट्स न्यू' के तहत उपलब्ध होगी। इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए एक बार चयनित अभ्यर्थी, फिर से आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगा।

5. चयनित इंटर्न को 20,000/- प्रति माह रुपये का एकमुश्त स्टाइपेंड दिया जाएगा। और मंत्रालय में कार्यक्रम में शामिल होने और कार्यक्रम के अंत में वापसी के लिए यात्रा लागत (डीलक्स/एसी बस/3 टियर एसी ट्रेन द्वारा) की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षुओं को दिल्ली में उनके कार्यक्रम की अवधि के लिए साझेदारी के आधार पर छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी। छात्रावास की सुविधा में केवल संलग्न बाथरूम (गद्दे शामिल नहीं है), मेज, कुर्सी और अलमारी के साथ प्रत्येक कमरे में ट्रिपल साझेदारी आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। मैस शुल्क आवास के भाग के रूप में शामिल नहीं हैं और छात्रावास की सुविधा का लाभ उठाने वाले इंटर्न द्वारा वहन किया जाना है। छात्रावास की सुविधा कार्यक्रम शुरू होने के 2 दिन पहले से कार्यक्रम के अंत के 2 दिन बाद तक उपलब्ध रहेगी (उदाहरण के लिए, जुलाई 3 से शुरू होने वाले इंटर्नशिप बैच के लिए, छात्रावास की सुविधा 1 जुलाई 2023 की दोपहर से 2 सितंबर 2023 की दोपहर तक उपलब्ध होगी)। इंटर्नशिप कार्यक्रम के सफल समापन पर इंटर्न को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा।

6. इंटर्नशिप कार्यक्रम के विस्तृत दिशानिर्देश मंत्रालय की वेबसाइट https://wcd.nic.in/schemes/internship-scheme पर देखे जा सकते हैं।

7. किसी भी अन्य विवरण/पूछताछ के लिए, अभ्यर्थी सांख्यिकी ब्यूरो, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से mwcd-research@gov.in आईडी पर सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

SUMAN PATEL

Digitally signed by SUMAN PATEL
Date: 2023.05.19 16:04:39 +05'30'

(सुमन पटेल)
सहायक निदेशक

Ministry of Women and Child Development

APPLICATION FOR SCHEME OF INTERNSHIP WITH MWCD (To be self attested and attached)

Paste recent stamp size photo in the box

S.No.	PART A- Personal Details					
1	Name of Applicant (in block letters)					
2	Date of Birth (DD/MM/YYYY)					
3	Gender (Applications are accepted only from female candidates)					
4	Email					
5	Mobile Number					
6	ID Proof number (PAN/AADHAR/Driving License/Voter ID/any other government approved ID)					
7	Rural/Non-Rural (only as per the permanent address of the applicant)					
8	Complete Address with pin code					
	State	City	District	Village (if rural)	House address	Pin code
	PART B – Academic/Non-Academic Details					
9	Category (Student/Scholar/Teacher/Social Activist)					
10	Name of University/College/Institution/Organisation ***currently*** associated with					
11	Name of the course in which enrolled in above institution currently					
12	Course Duration (Year and month of its completion)					
13	Name and contact details of head of academic/non-academic institution					
14	**PART C- Educational Details**					

	Year of passing	Details of Board/institution/University	Degree	Subjects	Aggregate percentage of marks

15	**PART D- Work Experience**				
	Name of Organization	Date of joining	Date of leaving	Position held	Roles and Responsibilities
16	**PART E – Hostel Facility**				
	Whether facility of hostel (Triple sharing basis required) – Y/N				

Candidate Signature